तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025

13 हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

14 बरसात में गर्भवती माताओं को अस्पताल...







## खबर संक्षेप

### जरहीडीह में डॉ. आंबेडकर का मूर्ति अनावरण आज

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के ग्राम जरहीडीह में 14 अप्रैल को संविधान निर्माता



बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती के अवसर पर बाबा साहब का प्रतिमा (मूर्ति) अनावरण भी किया जाना है। बाबा साहब की मूर्ति जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम के द्वारा लगाई जा रही है, इस कार्यक्रम को लेकर जोर शोर से तैयारी किया जा रहा है। सर्व समाज राजापड़ाव, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं अंबेडकरवादी युवा संगठन तैयारी को लेकर लगे हुए हैं। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है एवं क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

### पटेवा में डॉ. भीमराव की मूर्ति स्थापना आज

**नवापारा-राजिम।** 14 अप्रैल शाम 4 बजे पटेवा में डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सतनामी मोहल्ला में भव्य मूर्ति स्थापना एवं अनावरण समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनपद सदस्य ब्रह्मानंद साहू, दूज राम बंजारे, ममता साहू,हिमांशु खरे, बलराम साहू, आदित्य एक्का, सूरित कुमार कुर्रे,नामदास मारकंडे, कृष्ण, सरपंच अशवंत साहू, भेनमति राजू पाल, खिलेश्वर शर्मा, हरीश पाल, ओमप्रकाश ध्रुव, पुखराज साहू, राम-श्याम शर्मा, टुकेंद्र साहू, सुदामा सोनवानी, भूषण टंडन, गेंद्रराम जांगडे, लेखा दिवाकर, कल्याण जांगड़े, संतराम दिवाकर, देव टंडन मौजूद रहेंगे।

### चरभट्ठी में तीन दिवसीय मानसगान आज से

**छुईहा बेलर।** ग्राम चरभट्ठी में ग्रामवासियों के तत्वावधान में तीन दिवसीय मानसगान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम संयोजक मनहरण साहू ने कहा की कलशयात्रा 14 अप्रैल को परेवा वाले भगत राज बाबा श्री गिरीराज जी भगत, संत श्री गोवर्धन शरण जी के कर कमलों से सम्पन्न होंगे। आगे कहा की प्रथम दिवस मंगलवार को रायपुर, सेम्हरतरा, सोरिद कन्हारपुरी, संतोषी रायपुर, मौलीपारा कांकेर द्वितीय दिवस बागबाहरा, परतेवा, झारा, बहेराबुड़ा बरियाबंद, गुढ़ियारी रायपुर तृतीय दिवस बागबाहरा, झिरिया राजनान्दगांव, बिहाझर, बागबाहरा, चनुसुर, रायपुर, बासीन मानस मंडली की प्रस्तुति होगी।

# सुशासन तिहार में लापरवाही उजागर, फिंगेश्वर सीएमओ निलंबित, दर्जनभर अफसरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शासन की मंशा जनता तक सीधे पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे सुशासन तिहार कार्यक्रम में गरियाबंद जिले के कई जिम्मेदार अधिकारी न केवल लापरवाह साबित हुए, बल्कि आदेशों को भी अनदेखा करते नजर आए। इससे नाराज कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर ने सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागवार आवेदन प्रविष्टि और निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान फिंगेश्वर नगर पंचायत के सीएमओ चंदन मानकर अनुपस्थित पाए गए। वे न सिर्फ कार्यालय से नदारद थे, बल्कि बिना अनुमति के सुशासन तिहार की बैठक में भी शामिल नहीं हुए। इस पर कलेक्टर ने उन्हें निलंबित करने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहे तीन एसडीएम, दो जनपद सीईओ, पांच सीएमओ और कई विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा गया है।




## कलेक्टर ने दिखाई सख्ती, आवेदन प्रविष्टि और निराकरण की समीक्षा की

### अब तक मिले 1.45 लाख से ज्यादा आवेदन

सुशासन तिहार के तहत 8 से 11 अप्रैल तक ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से लोगों की शिकायतें और मांगें आवेदन के रूप में ली गईं। जिला प्रशासन को अब तक कुल 1 लाख 45 हजार 984 आवेदन मिले हैं, जिनका 20 दिन के भीतर निराकरण अनिवार्य है। कलेक्टर ने साफ कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### इन अधिकारियों को नोटिस

राजिम के एसडीएम विशाल महाराणा, मैनपुर के पंकज डाहिरे, देवभोग के तुलसीदास मरकाम, जनपद सीईओ श्वेता शर्मा मैनपुर, रवि सोनवानी देवभोग, सीएमओ मनीष गायकवाड़ राजिम, श्यामलाल वर्मा कोपरा, लालसिंग मरकाम छुरा, संतोष स्वर्णकार देवभोग सहित महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, खनिज, बिजली, रोजगार, खादी ग्रामोद्योग, रेशम व क्रेडा के जिला अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि हर आवेदन की मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, उसकी प्रविष्टि हो, जांच के बाद संबंधित विभाग को भेजा जाए और पावती प्राप्त कर निराकरण पूरा किया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, प्रकाश राजपूत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मांग : मोहल्लेवासियों ने विस्थापित करने प्रशासन से लगाई गुहार, लेकिन अब तक समाधान नहीं

# रेलवे ने जमीन खाली करवाने थमाया नोटिस लोगों के सर से छत हट जाने का सता रहा डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर में रेलवे का काम न केवल जोर पकड़ लिया है बल्कि नए पटरी भी बिछ गए हैं और रेलवे का भव्य स्टेशन भी बन गया है। जहां स्टेशन बना है वह हिस्सा इंदिरा मार्केट मुहल्ला कहलाता है जो बिल्कुल महानदी से लगा हुआ है। यहां करीब 50 वर्षों से लोग मकान बनाकर रह रहे हैं और छोटा-मोटा व्यापार भी कर रहे हैं। रेलवे द्वारा लोगों को 1 वर्ष पूर्व जगह खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया है। रायपुर से राजिम चलने वाली छोटी रेल लाइन को ब्रॉडगेज में तब्दील किए जाने के चलते रेलवे ने अपनी जमीन को खाली करवाने के लिए लोगों को नोटिस थमाया है। नोटिस पाकर इंदिरा मार्केट के कुछ दुकानदारों ने स्वयं होकर दुकान खाली कर दिए तो कई लोग अपने घरों को छोड़कर अन्य स्थान पर रहने के लिए चले गए। बचे हुए सभी लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रही है। कि कहां जाएंगे, क्या करेंगे? कुछ समझ नहीं आ रहा, रोजी रोटी को लेकर चिंतित दुकानदार व मोहल्लेवासियों को सर से छत हट जाने का भय भी सता रहा ▶▶| शेष पेज 12 पर

### 50 वर्षों से लोग मकान बनाकर कर रहे हैं निवास







### मकान खरीदने में जताई असमर्थता

इस शहर के वार्ड क्रमांक 1 में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा शासकीय मकान बनाए गए है। वार्ड क्रमांक एक हाउसिंग बोर्ड में जो मकान बने है वो स्वतंत्र एवं एलआईजी कैटिगरी एवं ईइसडब्ल्यू श्रेणी के आवास है। एलआईजी मकान की कीमत 15 लाख एवं ईएसडब्लू मकान की कीमत 9 लाख है। जो गरीब जनता के पहुंच से बाहर है। यदि हाउसिंग बोर्ड द्वारा 4 से 5 लाख कीमत के फ्लैट का निर्माण किया जाय एवं इंदिरा मार्केट में निवासरत लोगों को बैंक लोन की सुविधा मिले तो संभव है कि इंदिरा मार्केट के लोगों के आवास की समस्या का समाधान हो भी सकता है। इंदिरा मार्केट में अधिकतर दुकानदार छोटे एवं मंझोले किस्म के व्यापार करते हैं। किराना, डेली नीड्स, छोटे होटल, चूड़ी दर्जी, नाई, रेडियम नंबर, सुपा झाड़ एवं पान की दुकान वहां पर लगी हुई है। कुछेक कपड़े एवं बड़े किस्म के व्यापारियों ने अपनी व्यवस्था अलग स्थानों पर कर ली है। बता दें कि शहर के सोमवारी बाजार में बने हुए चबूतरे का उपयोग न के बराबर हो रहा है। यदि सोमवारी बाजार का जीर्णोद्धार कर एक भव्य डुप्लेक व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स निर्माण अगर कराया जाता है तो यहां शिफ्टिंग भी की जा सकती है। चौपाटी भी बनाया जा सकता है। चूंकि मगरलोड एवं कुलेश्वर महादेव जाने के लिए यह एक मात्र मार्ग है। लिहाजा व्यापार के फलने फुलने में कोई शंका नहीं होगी और इसी के साथ नगर का ट्रैफिक भी डायवर्ट हो जाएगा। वीरान एवं बदहाल पड़े सोमवारी बाजार की रौनक पुनः लौट आएगी। लेकिन लोगों को घर मकान की ज्यादा आवश्यकता है सो वार्ड नं 1 गोबरा में बसाहट किए जाने की चर्चा चल रही है। बहरहाल गरीबों के लिए शासन स्तर में मंथन और पहल करने की जरूरत है ताकि होने वाले बेघरबार लोगो को सिर छिपाने को छत का सहारा मिल सके।

### खाली कराया जाएगा

रेल्वे द्वारा इस मुहल्ले के लगभग डेड़-दो सौ लोगो को पहले नोटिस जारी किया गया है। अभी रेलवे का काम पूरा नहीं हुआ है। लिहाजा आखिरी नोटिस नहीं दी गई है पर आने वाला समय में काम पूरा होते ही नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर इन्हें खाली कराया जाएगा।

**- विनय सिंह,** रेल्वे प्रोजेक्ट मैनेजर

### पहल की जाएगी

वार्ड नंबर 1 गोबरा में हाऊसिंग बोर्ड की जमीन को नगर पालिका को हस्तांतरित कर व्यवस्था बनाने की पहल आगे होगी। किंतु इसमें समय लगेगा।

**- रवि सिंग,** एसडीएम, अभनपुर

### रूपरेखा बनाई जा रही

वार्ड नंबर 1 गोबरा में 5 एकड़ शासकीय जमीन को विस्थापित लोगों के बीच आबंटन के लिए शासन स्तर में रूपरेखा बनाई जा रही है। शासन के निर्देश पर आगे की कार्रवाई होगी।

**- सृजन सोनकर,** तहसीलदार नवापारा

### डॉ. भीमराव जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाएंगे

**गरियाबंद।** 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय समारोहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए जाएगा। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री का वर्चुअल उदबोधन भी होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के सांसद, विधायक, विशिष्ट अतिथियों सहित समाज प्रमुखों, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र हेतु प्रति विकासखण्ड से आहूत 10-10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सीएससी के वी एल ई सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू की कार्यवाही की जाएगी। कार्यक्रम में 24 अप्रैल 2025 को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के शुभारंभ की जानकारी प्रदान किया जाएगा। जिन पंचायतों में पहले से प्रधानमंत्री आवास ▶▶| शेष पेज 12 पर

## लो वोल्टेज व बिजली कटौती से आक्रोशित महिलाएं पहुंचीं सब स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



इन दिनों भीषण गर्मी और उमस में जल स्तर धीरे-धीरे निचे जा रहा है। और लोगों को पीनी पीने और निस्तारी के लिए जरुरत है।

अप्रैल का महिना चल रहा है और गर्मी अभी और बढ़ाना बाकी है, लो वोल्टेज व अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीण महिलाओं ने मुड़ागांव सब स्टेशन पहुंचे। वहां के कर्मचारियों से बातचीत कर महिलाओं ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि लो वोल्टेज के चलते दिन में हम अपने घरों में लगे नल से एक बाल्टी पानी भी नहीं भर पाते हैं ना ही रात के समय पंखा भी अच्छे से नहीं चल पाते है। यह परेशानी पिछले कई महीनों से चल रही है। सरकार एक तरफ सुशासन तिहार मना रही है, तो दूसरी तरफ पूरे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोल्टेज व अघोषित बिजली कटौती से परेशान है। ग्राम पंचायत सरपंच गोदावरी दीवान व ग्रामीण महिलाएं हेमिन बाई यादव, मया दिवान, शांताबाई,फूलबासन, खोलबहारीन, हेमलता, उगेश्वरी, हेमीन साहू, गुणेश्वरी शर्मा, रानू शर्मा, तिजिया बाई, कुमारी दिवान, झूना साहू, गिरिजा बाई, सोनिया बाई, उतरा बाई, कुमारी बाई, केशरी बाई, भगबती, ममता, भोज बाई, बिटावन, आसंतीन, मधु बाई दिवान, सुखबाई, केशर बाई, दामिनी, मुन्नी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### मानसगान समापन कार्यक्रम में आज शामिल होंगे चंदूलाल

**छुईहा बेलर।** छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण निगम अध्यक्ष व पूर्व सासंद



चंदूलाल साहू 14 अप्रैल को सेंदर आगमन हो रहा है। पूर्व सरपंच रामाधार साहू ने बताया की तीन दिवसीय संगीतमय मानसगन के समापन दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य गृह निर्माण निगम अध्यक्ष व पूर्व सासंद चंदूलाल का आगमन है।

## बाथरूम की दीवार तोड़कर 3.85 लाख के जेवरात की चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के देवभोग थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात चोरों ने उरमाल स्थित आरके ज्वेलर्स में धावा बोलकर करीब 3.85 लाख रुपए कीमती 4200 ग्राम चांदी के जेवरात चुरा लिए, चोरों ने बेहद शातिर तरीके से बाथरूम की दीवार में ड्रिल कर अंदर प्रवेश किया और मुखौटा पहनकर वारदात को अंजाम दिया है। दुकान संचालक गोपबंधु कश्यप ने घटना की सूचना देवभोग पुलिस को दी जिसके बाद थाना प्रभारी गौतम गावड़े मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया, पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है, जिसमें दो संदिग्ध नकाबपोश नजर आए हैं।

### 15 दिनों में तीसरी चोरी


30 मार्च को देवभोग थाना से महज 150 मीटर दूर स्वास्थ्य कर्मी शेषनारायण पात्र के सूने मकान से 17 लाख रुपए से अधिक की ज्वेलरी और नगदी चोरी हुई थी। इसके बाद झराबहाल में एक बैंक कर्मी के घर से ढाई लाख से ज्यादा की चोरी हुई, हालांकि इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई थी, इन सबके बीच उरमाल में ज्वेलरी शॉप में हुई इस ताजा चोरी ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि बीते तीन वर्षों में इलाके में 10 से अधिक छोटी-बड़ी चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन अधिकतर मामलों में पुलिस को सफलता नहीं मिली, देवभोग थाना क्षेत्र ओडिशा की तीन सीमाओं से घिरा हुआ है, जिससे पुलिस को भौगोलिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने बताया कि, घटना स्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। दो संदिग्ध नकाबपोशों की पहचान की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## राजीव लोचन कॉलेज में स्काई वॉचिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# टेलीस्कोप से चांद, बृहस्पति आयो और यूरोपा का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी द्वारा वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए और वैज्ञानिक एवं तार्किक प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्काई वॉचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 50 से अधिक छात्रों, प्रोफेसरों और विज्ञान प्रेमियों ने भाग लिया। जिला प्रभारी जीवन साहू ने प्रतिभागियों को ब्रह्मांड की वैज्ञानिक समझ, ग्रहों व उनके चंद्रमाओं से जुड़े रोचक तथ्यों तथा महान वैज्ञानिकों जैसे गैलीलियो और ब्रूनो के संघर्षों के बारे में बताया गया। यह ▶▶| शेष पेज 12 पर



### अंधविश्वासों के खिलाफ करें जागरूक



इस कार्यक्रम दौरान जिला प्रभारी ने विज्ञान संगठन के विषय में सरल और प्रभावी ढंग से समझाया गया। कहा कि इरर का उद्देश्य विज्ञान की उपलब्धियों को जनसामान्य तक पहुंचाना, अंधविश्वासों का खंडन करना और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तारे हमारे पूर्वज नहीं बल्कि गैस से बने खगोलीय पिंड होते हैं जो अपने प्रकाश से चमकते हैं। इस अवसर पर समाज में व्याप्त अंधविश्वासों और मिथ्याओं के खिलाफ वैज्ञानिक जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया। साथ ही विद्यार्थियों और आम जनता में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना कार्यक्रम का उद्देश्य था। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ से सहायक प्राध्यापक डॉ अश्विनी साहू, नेहा सोनी, सीमा साहू और वासुदेव उपस्थित थे जिनका सहयोग मिला। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अहिल्या, निशा, दीक्षा, ऋषभ, अक्षत एवं गूंजा मुख्य रूप से शामिल थे।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने दी नितुल को श्रद्धांजलि

**नवापारा-राजिम।** शहर के युवा नितुल देवांगन के पिछले दिनों एक दुर्घटना में निधन हो गया। विधायक इंद्र कुमार साहू नवापारा पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा परिवार जनों को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिया। स्व. नितुल देवांगन के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र बल्लू सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पार्षद सचिन सचदेव, धीरज साहू, सौरभ सिंटू जैन, मुकुंद मेश्राम, संजीव, टिंकू सोनी, राजू रजक, अंकित मेघवानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### नए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त जयवदन इंगले ने किया पदभार ग्रहण

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय अविष्य निधि आयुक्त-1 जयवदन इंगले ने नए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त वर्ग-1 के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त 1 श्री इंगले का स्वागत किया और उन्हें कर्मचारी भविष्य निधि के क्षेत्रीय कार्यालय की कार्यप्रणाली एवं अन्य जानकारियों से अवगत कराया गया। साथ ही कार्यालयीन कर्मचारियों से परिचय भी करवाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-2 गौरव डोगरा, सुनील कुमार, भविष्य निधि आयुक्त के सहायक सुधांशु निकेतन मिश्रा, सहायक निदेशक विकास शुक्ल आदि उपस्थित थे।

### चोरी के चार मामलों में चार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस ने मंदिर हसौद तथा विधानसभा थाना क्षेत्र में चोरी के चार अलग-अलग मामलों में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से साढ़े छह लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर, बाइक, कैश के साथ अन्य सामान जब्त किए हैं। पुलिस ने चोरी के आरोप में गुलशन कुमार पटेल उर्फ झक्की, नंद कुमार यादव, हरि विश्वकर्मा, धनेंद्र देवदास उर्फ धन्ना को गिरफ्तार किया है। गुलशन पूर्व में भी चोरी के आरोप में जेल जा चुका है।

### बिरगांव में कांग्रेसियों ने गृहमंत्री का पुतला फूंका

**रायपुर।** कांग्रेस नेता पंकज शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दुर्ग जिले में मासूम नाबालिग बेटी के साथ हुई अमानवीय घटना पर रोष व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि एवं शांतिसभा का आयोजन किया। बीरगांव के कांग्रेसियों ने उग्र प्रदर्शन कर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुये उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका और उनके इस्तीफे की मांग की है। पंकज शर्मा ने कहा, प्रदेश में आये दिन गंभीर किस्म के अपराध घटित हो रहे हैं। अपराधियों के हौसले बुलंद हो गये हैं। दुर्ग की इस घटना ने साबित कर दिया है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी, पार्षद मो. रियाज ओमप्रकाश, ईश्वर बंजारे, डिकेन्द्र सिन्हा, जानू भार्गव, चंदन पाल, छवि धीवर, सुदन सिकली, पूर्व पार्षद मनोज तिवारी आदि शामिल रहे।

### जॉब फेयर 15 को

**रायपुर।** सेल्स जॉब, बैक ऑफिसर, टेली कॉलर, सर्विस एसोसिएट, टेक्निशियन एवं एक्सिक्यूटिव एकाउंट जैसे विभिन्न 34 पदों पर भर्ती के लिए 15 अप्रैल को रायपुर स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब फेयर के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक मोनेट टॉक बिजनेस एवं पीवीआर इनोक्स लिमिटेड रायपुर द्वारा 12वीं उत्तीर्ण, स्नातक (बी.कॉम) और आईटीआई (इलेक्ट्रॉनिक) कर चुके युवा आवेदन कर सकते हैं।

# बढ़ती सड़क दुर्घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट की कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

## कमेटी के अध्यक्ष मनोहर सप्रे ने सड़क दुर्घटना रोकने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने कहा

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर शनिवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में केमेटी के अध्यक्ष ने वर्ष 2024 और 2025 में हुई सड़क दुर्घटनाओं और उनमें हुई मौतों की तुलनात्मक जानकारी ली। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटना को लेकर श्री सप्रे ने गंभीर चिंता व्यक्त की। श्री सप्रे ने दुर्घटना रोकने प्रभावी तथा ठोस कदम उठाने कहा। उन्होंने संबंधित विभागों से दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण करने और संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।




### भारत की तुलना में विदेशों में मृत्युदर कम

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष ने बताया कि भारत की तुलना में जापान, जर्मनी और अमेरिका में सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने वाले लोगों की संख्या कम होती है। इसका कारण है कि वहां वाहन चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट का उपयोग किया जाता है। उन्होंने जिले के सभी वाहनों के बीमा, फिटनेस और वाहन चालकों के लाइसेंसों की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे सड़क सुरक्षा उपायों की जानकारी ली। उन्होंने एनएचएआई, यातायात पुलिस एवं परिवहन, नगर निगम आयुक्तों से भी सड़क सुरक्षा के संबंध में उठाए गए कदम के बारे में चर्चा की।

सड़क दुर्घटना रोकने कमेटी के अध्यक्ष श्री सप्रे ने जन जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटना में कमी लाना है, जिससे प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु कम हो सके। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु में बिना हेलमेट और बिना सीटबेल्ट पहने वाहन चलाने वाले की संख्या ज्यादा होती है, इसलिए बिना हेलमेट पहने और बिना सीटबेल्ट लगाए वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाए। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हांकन के बाद यथाशीघ्र सुधारात्मक उपाय करने निर्देश दिए।

## घोटाला खुलने के दौरान हेल्थ सेंटरों में जाकर कर दिया था लॉक

# खून संबंधी जांच का बुरा हाल, 'मोक्षित' ने सीबीसी मशीन को ऐसा किया लॉक, अब तक नहीं खोल पाए इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश के छोटे स्वास्थ्य केंद्रों में खून संबंधी जांच का बुरा हाल है। इन हेल्थ सेंटरों में मोक्षित कार्पोरेशन ने सीबीसी मशीन की सप्लाई की थी। घोटाला खुलने के दौरान मोक्षित के कर्मचारियों ने इन मशीन को कोड डालकर ऐसा लॉक किया जिसे अब तक दूसरे इंजीनियर नहीं खोल पाए हैं। कोड की वजह से इसमें दूसरा रीएजेंट काम नहीं कर सकता, राज्य के स्वास्थ्य केंद्रों में पांच सौ से ज्यादा मशीन की सप्लाई हुई थी। बाजार में 5 लाख रुपए में मिलने वाली इस मशीन को 17 लाख रुपए में खरीदा गया था।

मोक्षित द्वारा सप्लाई सीबीसी मशीन के कंडम होने की स्थिति लगभग आठ महीने से बनी हुई है। जिन स्वास्थ्य केंद्रों में दूसरी कंपनी की मशीन है अथवा जहां संबंधित कंपनी के इंजीनियर नहीं पहुंच पाए, वहां मरीजों को खून से संबंधित जांच की सुविधा दी जा रही है। शेष स्थानों पर सैंपल लेकर हमर लैब भेजे जा रहे हैं अथवा मरीजों को प्राइवेट लैब में जाकर टेस्ट कराने की सलाह दी जा रही है। 660 करोड़ के घोटाले में सीबीसी मशीन की बड़ी हिस्सेदारी है।

बाजार में लगभग 5 लाख रुपए में मिलने वाली इस जांच मशीन को 17 लाख रुपए प्रति के हिसाब से खरीदा गया था, जिससे घोटाले की रकम एक अरब तक पहुंच गई।

इतना ही नहीं, सीबीसी मशीन में दूसरा रीएजेंट काम नहीं कर पाए, इसके लिए लॉक कोड का चक्रव्यूह तैयार किया गया, जिसे अब तक स्वास्थ्य विभाग के इंजीनियर नहीं तोड़ पाए। सूत्रों का कहना है कि अगर इंजीनियर मशीन को खोलने में कामयाब होते हैं, तभी करीब एक अरब की मशीन कबाड़ होने से बच पाएगी।



रीएजेंट-उपकरण घोटाला की जांच जारी

मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी 7 अप्रैल तक रहेंगे जेल में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सीजीएमएससी और स्वास्थ्य संचालनालय में हुए अरबों रुपए के रीएजेंट-उपकरण घोटाले की जांच जारी है। इसकी वजह से मामले में पूर्व में गिरफ्तार मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा की न्यायिक रिमांड की अवधि 7 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। मामले में शुक्रवार को पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्हें रिमांड पर लेकर ईओडब्लू पूछताछ कर रही है।

- ईओडब्लू की अदालत ने बढ़ाई न्यायिक रिमांड की अवधि
- पांच आरोपियों को रिमांड पर लेकर चल रही पूछताछ

मामले की जांच के दौरान ईओडब्लू खरीदी और सप्लाई से संबंधित तमाम दस्तावेजों की बारीकी से अध्ययन कर आरोपियों से पूछताछ कर क्रास चेक कर रही है। मामले में जनवरी के अंतिम दिनों में हुई पहली गिरफ्तारी और इस महाघोटाले के अहम किरदार मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक चोपड़ा की पिछली रिमांड के अंतिम दिन सोमवार को ईओडब्लू के स्पेशल कोर्ट में पेशी हुई। मामले के जांच अधिकारी ने बताया कि प्रकरण की विवेचना अधूरी है, इस आधार पर शशांक की न्यायिक रिमांड की अवधि ▸▸शेष पेज 13 पर

पूछताछ के लिए विधानसभा से बुलाया

सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को जिन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, उन्हें लगभग पांच घंटे पहले पूछताछ के लिए ईओडब्लू के कार्यालय बुलाया गया था। इनमें से एक अधिकारी विधानसभा सत्र का अंतिम दिन होने की वजह से वहां मौजूद था, अफसरों ने जरूरी पूछताछ का हवाला दिया। सभी के आने के बाद रात में उन्हें बताया गया कि आप गिरफ्तार हो चुके हैं।

### राजधानी के कई स्वास्थ्य केंद्रों में

कोडवर्ड से लॉक हुई मशीन राजधानी में गुढ़ियारी, भनपुरी सहित कई स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद है। इसके साथ राज्य के अन्य हेल्थ सेंटरों में भी करीब छह साल पहले मशीनों की सप्लाई की गई थी। इसके बाद तीन वर्ष पूर्व खराब होने की शिकायत पर काफी स्वास्थ्य केंद्रों की मशीनों को बदला गया था। घोटाले का मामला चर्चा में आया, तो कंपनी के कर्मचारी मेंटेनेंस के बहाने मशीन को लॉक कर चले गए थे, जिसका कोड अस्पताल कर्मचारियों को नहीं बताया गया, जिससे मशीन अनुपयोगी होकर रह गई।

### दवा कार्पोरेशन का टेंडर चर्चा में

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन द्वारा हाल में रीएजेंट, उपकरण की खरीदी के लिए जारी टेंडर चर्चा में आ गया है। जेम पोर्टल के बजाए इसे ईप्रॉक माध्यम से खरीदने का प्रयास किया जा रहा है। जानकार लोगों का कहना है कि रीएजेंट की खरीदी स्वास्थ्य केंद्रों से आने वाली डिमांड को ध्यान में रखकर की गई है। दूसरी ओर आरोप यह लगाया जा रहा है कि रीएजेंट की खरीदी पुरानी कंपनी के हित को ध्यान में रखकर की जा रही है।



### नवागांव में मानसगान कार्यक्रम का समापन

**नवापारा-राजिम।** ग्राम नवागांव (बुड़ेनी) गौरा चौक धारणा देवता परिषर न्यू बाल मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से त्रिदिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया। शनिवार 12 अप्रैल को कार्यक्रम का समापन हवन-पूजा एवं विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम के वरिष्ठ कार्यकर्ता दाऊ साहू, भारत निषाद, संतोष ध्रुव, दीनू साहू, झुमुक साहू, सरपंच केवरा-अवध साहू, उत्तम साहू, पवन निषाद, दिलीप नगारची, हृदय साहू, सतीश साहू, लाला राम, अशोक साहू, राम भरोसा साहू, धन्नु, दुष्यंत निषाद का सराहनीय योगदान था। संचालन सतीश साहू ने बताया कि मानस दरबार को सजाने में ग्राम की नारी शक्तियों की अहम भूमिका रही है।



### बकली में हुआ रामायण पाठ

**राजिम।** बकली में हनुमान जयंती के पावन पर्व पर बागबाहरा शिक्षक मानस परिवार द्वारा संगीतमय रामायण पाठ का कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत गारियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप थे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक ने की। विशेष अतिथि के रूप में हेमन्त सांग, बिंदा साहू सरंपच, पूजा भारती जनपद सदस्य, धर्मेन्द्र धुव्र, ओमप्रकाश साहू, टीकम साहू मौजूद थे।

## केंदीय मंत्री, डिप्टी सीएम व मंत्री दयाल दास ने चंदूलाल को दी शुभकामनाएं





हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

राज्य भंडर गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और छत्तीसगढ़ डिप्टी सीएम अरूण साव तथा जिला गरियाबंद के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल की मौजूदगी में पदभार ग्रहण किया। तीनों मंत्रियों ने चंदूलाल साहू को बुके भेंटकर अपनी शुभकामनाएं दी।

## भाजपा मंडल मैनपुर में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन आयोजित



**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल मैनपुर के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजन मे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान भारत माता की छायाचित्र तथा श्यमा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम के मंडल संयोजक दुलार सिन्हा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य नरोत्तम साहू, कार्यक्रम के मंडल सहसंयोजक घनश्याम मरकाम, भाजपा जिला मंत्री सरिता ठाकुर, भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामदास वैष्णव, मंडल महामंत्री दिलीप साहू, बिसेसर सिक्का, किशोर यद्दु, बाबूलाल साहू, रामजी साहू, मोहित द्विवेदी, तुलसी राठौर, महेंद्र सोनी, श्रवण कुमार, निमेष सिन्हा, प्रदीप शर्मा, राकेश दुबे, गोविंद नायक, तिजू सिन्हा की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता अनिल चंद्राकर ने कहा की भाजपा की जनसंघ से लेकर अब तक की संगठनात्मक यात्रा, विचारधारा, तथा पार्टी के विकास में योगदान पर बिंदुवार जानकारी दी गई। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की जनहितकारी नीतियों एवं उपलब्धियों पर भी विस्तार से चर्चा किया इस दौरान सभी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप ने किया एवं आभार प्रकट वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर यद्दु ने किया।

# सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचा रहे भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम





भाजपा मंडल राजिम सक्रिय सदस्य एवं कार्यकर्ता का सम्मेलन राजिम स्थित यादव धर्मशाला में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र की पूजा अर्चना अतिथियों ने की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू ने भाजपा स्थापना दिवस एवं इतिहास को कार्यकर्ताओं को विस्तार से बताया। राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने बताया कि 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस से लेकर 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती तक सेवा पखवाड़ा दिवस मनाया जा रहा है जिसमें भाजपा के सभी कार्यकर्ता गांव बस्ती जाकर स्वच्छता अभियान चलाकर एवं लाभार्थियों से मिलकर भारतीय जनता पार्टी केंद्र की मोदी सरकार और राज्य के विष्णुदेव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दे रहे हैं। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत राजिम मंडल में निवासरत सक्रिय सदस्यों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मेलन एवं सम्मान कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने बताया कि आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी है सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार हैं हमें गर्व है कि भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता है। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, नपं के पूर्व अध्यक्ष रेखा सोनकर, आशीष शिंदे, संजू चंद्राकर, ,ओंकार साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, राधेश्याम बंजारे, गैंदलाल साहू, योगेश्वर गोस्वामी, झाड़ू साहू, छाया राही, देवकी साहू, मधु नत्थानी, अनीता यादव, तुकाराम तारक, कमल नारायण देवांगन, सेवक सोनकर, विजय भारती, चेमन धीवर, प्रदीप साहू, यथार्थ शर्मा, विजय सिंह, भूषण ढीमर,जगत साहू, कबीर साहू, शरद पारकर, सोमनाथ पटेल, लेखराम ध्रुव, राजेश परमार, चमन पटेल, वीरेंद्र साहू, प्रहलाद साहू, हरिश्चंद साहू,प्रीतम बंजारे, रोमन लाल बंजारे सहित भाजपा मंडल राजिम के सभी कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकम का संचालन मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने एवं आभार जितेंद्र पेंदरिया ने किया।

## पेज 11 के शेष...

### रेलवे ने जमीन...

है कि रेलेवे द्वारा अंतिम और आखिरी नोटिस कब थमा दे कुछ कहा नहीं जा सकता। इस गंभीर समस्या को लेकर दुकानदार एवं मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से गुहार तो लगाया है किंतु अब तक समाधान नहीं निकल पाया है। चूंकि मोहल्लेवासियों के पास अपना कोई जमीन नहीं है इसलिए भी प्रधानमंत्री आवास जैसी सरकारी योजना का लाभ उन्हें शायद मिल पाए?

### डॉ. भीमराव जयंती ...

योजना ग्रामीण पंचायत एंबेसडर हैं, उन्हें विशेष रूप से कार्यक्रम में आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा। जिन पंचायतों में अब तक कोई प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पंचायत-एंबेसडर नियुक्त नहीं हुआ है, वहां उपयुक्त व्यक्ति को चयनित कर एंबेसडर नियुक्त किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा मोर दुवार साय सरकार महाभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रेल तक की जानकारी हितग्राहियों को दी जाएगी। और उन्हें पूरी प्रक्रिया से अवगत कराई जाएगी, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे। साथ ही कार्यक्रम में भू-जल स्तर के सम्बन्ध में जानकारी देना तथा वाटर हार्वेस्टिंग बनाने हेतु संकल्प दिलाया जाएगा।

### लो वोल्टेज व बिजली...

बाई, भोगबाई, गैंदी, परमिला, दुलारी बाई, शिवकुमारी, मधुबाई ध्रुव,अर्जुन, कोमल, हनुमान दिवान सभी ग्रामवासियों ने मुड़ागांव की बिजली कनेक्शन को तत्काल अलग करने एवं बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए नए ट्रांसफार्मर लगाने जिला कलेक्टर व राज्य सरकार से अपील कि है।

### टेलीस्कोप से चांद...

चर्चा विज्ञान के विकास की यात्रा को समझने में सहायक रही। स्काई वॉचिंग के दौरान प्रतिभागियों ने टेलीस्कोप के माध्यम से चांद, बृहस्पति और उसके चार प्रमुख चंद्रमा-गैनिमीड, कैलिस्टो, आयो और यूरोपा का अद्भुत अवलोकन किया। विशेष रूप से चांद का दृश्य सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इस अनुभव ने सभी में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और रुचि को और अधिक बढ़ाया साथ ही खगोल भौतिकी से जुड़े कई रोचक तथ्य साझा किए गए, जैसे कि ग्रहों की गति, चंद्रमाओं की परिक्रमा और सौरमंडल की संरचना आदि के विषय में बताया गया।

### च्वाईस सेंटर संचालक से मारपीट

**महासमुंद।** बिरकोनी में च्वाईस सेंटर संचालक के साथ मारपीट के मामले में एक आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी डोमेश्वर साहू निवासी वार्ड नं 19 बिरकोनी ने बताया कि वह एनएच 53 रोड में च्वाईस सेंटर का संचालन करता है। 11 अप्रैल की शाम करीब 6.30 बजे बजे अपने च्वाईस सेंटर को बंद अपने मोटर सायकल में घर जाने वाला था, तभी गांव के लोकेश यादव ने वहां आकर अपने मोटर सायकल उसी गाड़ी के सामने खड़ी कर दिया, जब उसने लोकेश यादव से गाड़ी हटाने कहा तब आरोपी ने गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी। साथ ही जान से मारने और दुकान का सामान तोड़फोड़ करने की धमकी दी। मामले में कोतवाली में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# शेयर मार्केट में ज्यादा मुनाफा का झांसा देकर डॉक्टर से ठग लिए 33 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शेयर मार्केट में ज्यादा मुनाफा मिलने का झांसा देकर जालसाज ने एक डॉक्टर से 32 लाख 80 हजार रुपए की ठगी की है। अकाउंट फ्रीज होने के बाद डॉक्टर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। जालसाज ने फंसाने के लिए किसी दूसरी जगह से ठगी के 75 हजार रुपए डॉक्टर के अकाउंट में ट्रांसफर किए। इसके कारण डॉक्टर की पत्नी का अकाउंट फ्रीज हो गया। अकाउंट फ्रीज होने पर डॉक्टर को अपने साथ ठगी की जानकारी मिली। घटना पंडरी थाना क्षेत्र की है।




- अकाउंट फ्रीज होने पर मिली ठगी की जानकारी

दलदल सिवनी कुल होम निवासी डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज ने पुलिस को बताया है कि उसके पास सोशल मीडिया के माध्यम से एसबीआई सिक्यूरिटीज एंड आईबीएचके के शेयर में अच्छा मुनाफा मिलने का मैसेज आया। मैसेज देख डॉक्टर ने अपनी पत्नी के अकाउंट से जालसाज के अकाउंट में दो लाख ट्रांसफर कर दिया। रकम ट्रांसफर करने के चंद दिनों के बाद डॉक्टर की पत्नी के अकाउंट में 75 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। 75 हजार मुनाफा मिलने पर डॉक्टर लालच में फंस गया और अलग-अलग किस्तों में जालसाज के अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर दिया।

### अकाउंट फ्रीज होने पर मिली जानकारी

*डॉक्टर जालसाज के अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर रहा था, इस दौरान बैंक ने डॉक्टर तथा उनकी पत्नी का अकाउंट फ्रीज कर दिया। बैंक जाकर डॉक्टर ने अकाउंट फ्रीज होने की जानकारी ली, तो उन्हें पता चला कि उनके अकाउंट में फ्राड खाते से रकम ट्रांसफर होने की वजह से अकाउंट फ्रीज किया गया है। इसके बाद डॉक्टर ने केरल, थीसूर सिटी के सायबर पुलिस से संपर्क किया, तो केरल पुलिस ने डॉक्टर को उनके अकाउंट में फ्राड रकम आने की पुष्टि की।*

## खबर संक्षेप



### ओंकार ने अपने जन्मदिन पर क्षेत्र की खुशहाली के लिए मंदिर में की पूजा

**छुईहा बेलर।** जिला पंचायत सभापति नंदनी के पति, जिला साहू संघ गरियाबंद के उपाध्यक्ष ओंकार साहू के जन्मदिन पर भोलेनाथ मंदिर, राजिम भक्तिन माता, कर्मा माता एवं गायत्री मंदिर में अपने परिवार के साथ पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया और क्षेत्र की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस मौके पर सहकारी समिति अध्यक्ष बाबू लाल साहू, सहकारी समिति अध्यक्ष जेंजरा महेश साहू, ग्राम सचिव दूजलाल साहू, जिला पंचायत के सदस्य, सभापति, उपाध्यक्ष, विभिन्न गांव के जनपद सदस्य, जनपद सभापति, सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं भाजपा पार्टी कार्यकर्ता, शुभचिंतक उपस्थित हुए। बधाई देने वाले में प्रमुख रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा पारस ठाकुर, अभिषेक चतुर्वेदी, हरीश साहू, सभापति नीतू, सभापति मंजू, सरपंच राधिका उपस्थित थे।

### जनपद उपाध्यक्ष ने चलाया स्वच्छता अभियान



**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने पवन सुत हनुमान के जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर के साथ-साथ स्वागत द्वार, तालाब, पचरी विद्यालय के साथ कई स्थान पर अपने टीम के साथ सुबह से जाकर साफ-सफाई काम में जुड़ गए।

**जन्मोत्सव : 100 साल के बाद बुधादित्य योग और नारायण योग में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव**

# अंचल में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव चालीसा व सुंदरकांड का किया गया पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

हर वर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जन्मोत्सव रसेला सहित क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार पूर्णिमा 12 अप्रैल को था, इस दिन 100 साल बाद बुधादित्य योग और लक्ष्मी नारायण योग का शुभ संयोग बन रहा। यहां बातें पंडित गोलू शर्मा ने कही। ग्राम रसेला में भगवान राम भक्त हनुमान की जन्मोत्सव पर सुबह से मंदिरों में भक्ति की धारा बहती रही। क्षेत्र के गांवों में हनुमान मंदिरों में हनुमानजी को सिंदूर व लाल वस्त्रों से विशेष श्रृंगार करके आरती की गई। इसके बाद हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ किया गया। सभी मंदिरों में जय हनुमान ज्ञान गुन सागर... की धुन सुनाई दे रही थी। इस अवसर पर सुबह से लेकर देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रही और भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते रहें। कहीं हनुमान जी को खीर पुड़ी, रोट का तो कहीं बूंदी का भोग



लगा तो कहीं चूरमा तो कहीं छप्पन भोग। ग्राम रसेला में दोपहर तीन बजे गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा हनुमान जी की विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ वेदी क्लश पूजा, नवग्रह, घृत मातृका षोडश मातृका पुजन तथा हनुमान जी का पंचामृत, दूध, दही, घी मदर्स, गंगाजल से अभिषेक कर पूजा अर्चना किया गया। रात्रि 1 बजे तक



अंतिम स्वरांजली मानस परिवार कनसिघी के व्याख्याकार रोहित जगत ने बताया कि हनुमान की तरह हमें अपने मन, बुद्धि को अपनी आत्मा के नियंत्रण में लाकर, अपने स्वामी श्रीराम की पूजा करना चाहिए। इसी कड़ी में यादव हार्डवेयर और संजीव जनरल स्टोर और परमानंद सेन के द्वारा अपने दुकान के पास हनुमान जी के पुजा अर्चना कर सभी आने जाने वाले को सुबह से शाम तक पुड़ी, हलवा, चना प्रसादी वितरण किया गया। इस मौके पर ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख डीआर यादव, उपसरपंच परमेश्वर यादव, नदुदास मानिकपुरी, धनी राम यादव, जगत राम यादव, ठाकुर राम यादव, कमलेश्वर नायक,फगनु राम ठाकुर, योगराम नागेश, नंदकिशोर यादव, रामेश्वर सिन्हा, वेदव्यास निषाद, राघवेन्द्र यादव, देवलाल साहनी, नरेन्द्र ठाकुर, भानु कोमर्रा, भुनेश्वर कोमर्रा, देवलाल निषाद, खेमचद ताण्डी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थे।



### हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**नवापारा-भेण्डरी।** श्री हनुमान महाराज के प्राकट्योत्सव पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई। सबसे पहले हनुमान जी के मंदिर में चोला बंदन चढ़ाकर हनुमान चालीसा का पाठ, सुंदरकांड पाठ, पंडित सुभाष पाण्डेय के मंत्रोच्चार के बीच हुआ। कार्यक्रम में बिरसिंग सिन्हा, चोवा देवांगन, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, आनंद पटेल, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

### धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**अभनपुर।** सेक्टर 27 नवा रायपुर अटल नगर में श्री हनुमत धर्मार्थ जन सेवा समिति (पंजी.) के तत्वाधान में प्राचीन श्री हनुमान मंदिर मे धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में विशेष पूजा अर्चना कर विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, जनपद सदस्य गोलू हिरवानी तथा पूर्व जसदस्य विकास टंडन प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस मौके पर मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस भव्य आयोजन में मंदिर के मुख्य पुजारी सतीश चतुर्वेदी, समिति पदाधिकारी दीपेश गौतम, मुकेश त्रिपाठी, संदीप तिवारी, सर्वेश शुक्ला, आनन्द पांडे, राहुल शर्मा, चंद्रसेन यादव, राहुल रॉय, अविनाश रॉय, संतोष शर्मा, मुकेश सिंह, पारवेंद्र, रवि, राहुल रजक, मोनू, संतोष, ऋतुनाथ त्रिपाठी, अरविंद पांडे व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## कोरासी में मानसगान सम्मेलन का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम कोरासी में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत वन सभापति श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी, एवं पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य जनपद पंचायत छुरा, बहूर सिंह दीवान सरपंच, करकरा सोमन यदु, सुरेंद्र कुमार साहू रमन नामदेव उपस्थित रहें। अतिथियों के द्वारा भगवान सीता राम जी का पूजा अर्चना पश्चात समस्त ग्राम वासियों के द्वारा अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा की रामायण हमें यही सिखाती हैं कि हमें कैसा



जीवन जीना चाहिए। माता- पिता को पुत्र के प्रति क्या दायित्व होना चाहिए और एक पुत्र का अपने माता -पिता के प्रति कैसा उत्तर दायित्व होना चाहिए। मर्यादा में रह कर त्याग तपस्या करते हुए दान दया धर्म कर्म करते रहने की बात कहीं।सहित समस्त आयोजन समिति तथा समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




संकलनकर्ता : तेजराम राम ध्रुव (संवाददाता) – मुड़ागांव, मो. 8085713983

## खबर संक्षेप



### रावड़ के मानस मंडली ने दी आकर्षक प्रस्तुति

**राजिम।** रावड़ में हमर बजरंगबली परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा रामायण पाठ, पूजा-अर्चना और भोग भंडारा के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मानस मण्डली के हेमंत साहू, व्याख्याकार अजय यदु ,हरिशंकर यादव, टोमन साहू, अवध निषाद,मनोज यादव, अमृतानंद साहू, गुनी देवांगन, जानी पटेल, ओमप्रकाश साहू, हरीश देवांगन और बहना ग्रुप द्वारा मानसगान का आकर्षक प्रस्तुति दिया गया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर बांटा प्रसाद



**छुरा।** हनुमान जन्मोत्सव पर सेन समाज द्वारा कोसमबुड़ा घाट में सामाजिक पदाधिकारी द्वारा पूजा अर्चना किया गया एवं प्रसाद, शरबत वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से विजय सेन, प्रेमप्रताप सेन, गणेश सेन द्वारा सहयोग किया गया।

### बाबा साहब की जयंती समरसता दिवस के रूप में मनाई जाएगी

**महासमुंद।** भाजपा शहर मंडल के भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा, भारतीय संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के पूर्व अंबेडकर चौक स्थित उनकी प्रतिमा और आसपास के स्थल की साफ-सफाई की गई। भाजपा शीर्ष संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमो में से एक कार्यक्रम 14 अप्रैल को भारतरत्न, डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को भाजपा समरसता दिवस के रूप मनाती है। स्वच्छता के अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला मीडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, मंडल महामंत्री एम आर विश्वनाथन, संगठन के पखवाड़ा कार्यक्रम की शहर संयोजक पूर्व पार्षद मीना वर्मा, पार्षद माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, भाऊराम साहू, मंडल पदाधिकारी हनीश बग्गा, नईम खान, समीर करकसे, शरद मदनकार सहित भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार 2025 का प्रथम चरण संपन्न

**पिथौरा।** नगर पंचायत पिथौरा में सुशासन तिहार 2025 का प्रथम चरण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। प्रथम चरण में आवेदन लेने की प्रक्रिया 11 अप्रैल तक संचालित की गई, जिसमें कुल 1544 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों में से 25 आवेदन समस्या/शिकायत से संबंधित हैं, जो आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और प्रशासन के प्रति जागरूकता को दर्शाता है। नगरपालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीआर सोनबेर ने बताया कि प्राप्त अधिकांश आवेदन मांग संबंधी हैं, जिनमें प्रमुख रूप से महतारी वंदन योजना, कृषि भूमिहीन कल्याण योजना, पट्टा प्रदाय, प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़क एवं नाली निर्माण जैसी आवश्यकताओं की मांग शामिल है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 25 आवेदन विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को लेकर प्राप्त हुए हैं, जिनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। दूसरा चरण 13 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा, जिसमें प्राप्त आवेदनों का समाधान और निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके।
इसके पश्चात तीसरा चरण 5 मई से 31 मई तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में आम जनता को सीधे समाधान का अवसर प्रदान किया जाएगा।

विड़बना : ग्राम अमाड़ के आदिवासी ग्रामीण पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे


# बरसात में गर्भवती माताओं को अस्पताल पहुंचने में होती है दिक्कत, ग्रामों तक पहुंचे नहीं है पक्की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आदिवासी वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को आजादी के 76 वर्षों बाद भी यदि पीने के पानी के लिए नदी-नालों में झरिया खोदकर इंतजाम करना पड़े और पानी के लिए एक से दो किलोमीटर दूर जाना पड़े, स्वास्थ्य सुविधा के अभाव में समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण गर्भवती माताओं को मौत का सामना करना पड़े तो यहां आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है क्या हम वाकई विकास की ओर बढ़ रहे हैं या सिर्फ कागजी की आंकड़ों में विकास दिखाई दे रहे हैं। यह सब स्थिति जिले के कई ग्रामों में बनी हुई है। उदंती अभ्यारण के अंदर बसे ग्रामों की स्थिति बद से बद्त्तर होती जा रही है। इन ग्रामों में न तो पहुंचने के लिए पक्की सड़क का निर्माण किया गया है और न ही स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, बिजली जैसे बुनियादी सुविधाएं इन्हे नसीब हो पा रही है कारण जब भी कोई विकास और निर्माण कार्य की बात आती है तो अभ्यारण क्षेत्र का हवाला देकर निर्माण कार्यों पर ब्रेक लगा दिया जाता है और तो और यहां के ग्रामों में निवासरत आदिवासी ग्रामीण अपने ही सांसद और विधायक का इंतजार करते थक चुके हैं। ग्रामीणों का मानना है सांसद और विधायक के गांवों में आने के बाद इन ग्रामों की स्थिति सुधर पायेगी और यहां मूलभूत सुविधाएं प्रशासन उपलब्ध करायेगी।

■ सांसद व विधायक का इंतजार करते थक चुके हैं ग्रामीण

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 38 किमी दूर ग्राम पंचायत अमाड़ है और इस ग्राम पंचायत की जनसंख्या लगभग 1160 के आसपास है। ग्राम अमाड़ पहुंचने के लिए नेशनल हाईवे 130 सी जुगाड वन विभाग बेरियर से 8 किमी उदंती अभ्यारण के बीहड़ जंगल रास्ते को पारकर पहुंचा जाता है लेकिन अब तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया है कच्ची उबड़ खाबड़ पगडंडी मार्ग नदी, नालों को पारकर पहुंचा जाता है। सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के दिनों में यहां के लोगों को उठानी पड़ती है। अमाड़ पहुंचने के लिए एक बड़ी नदी को पार करना पड़ता है और इस नदी मे पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। बारिश के दिनों में चार माह नदी में पानी बहने के कारण यह गांव टापू में तब्दील हो जाता है। ग्रामीण लंबे वर्षों से नदी में पुल निर्माण की मांग कर रहे है लेकिन आज तक पुल निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ यहां के ग्रामीण बताते हैं विधानसभा और लोकसभा चुनाव के पहले पूल का सर्वे कार्य किया जाता है ताकि ग्रामीणों को ऐसा लगे की पूल निर्माण कार्य प्रारंभ होने वाला है लेकिन चुनाव के बाद कोई झांकने तक नहीं पहुंचते।







### हैंडपंप से निकल रहा लाल व आयरन युक्त पानी

ग्राम अमाड़ में पीएचई विभाग द्वारा तीन हैंडपंप लगाए गए हैं लेकिन दो हैंड पंप सूख गया है और एक हैंडपंप जो चल रहा है उसका पानी लाल व आयरन युक्त निकल रहा है जिसके कारण यहां की महिलाओं को एक किलोमीटर दूर नदी में झरिया खोदकर पानी लाना पड़ रहा है नदी के झरिया का पानी पीने यहां के ग्रामीण विवश हो रहे हैं ग्रामीण महिलाओं ने बताया यहां के ग्रामीण लंबे समय से झरिया के पानी ही पी रहे हैं कई बार पीएचई विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं लेकिन अब तक समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया है इसके आश्रित ग्राम देवझरअमली, कुमकोट में भी पेयजल की भारी समस्या बनी हुई है।

### उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के अंदर बसे होने के कारण यहां के ग्रामीणों को इलाज के लिए ब्लॉक मुख्यालय या ओड़ीसा जाना पड़ता है क्षेत्र के ग्रामीणों ने कई बार अमाड में उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग कर चुके हैं आवेदन भी दे चुके हैं लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है।

### बिजली लगाने कोई ठोस पहल नहीं

यहां के ग्रामीण कहते है जब भी कोई बड़े नेता और बड़े अफसरों का मैनपुर क्षेत्र में दौरा होता है तो उनके पास सड़क और बिजली लगाने की मांग प्रमुखता के साथ करते है लेकिन अब तक बिजली लगाने कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत अमाड़ के सरपंच सोहद्रा बाई नेताम, मदनलाल यादव, गोपाल सिंह, बालाराम, गोमती बाई, पुष्पाबाई, जंगलमारू, मिथलूबाई, प्रेमिन बाई, दशोदा बाई, घेमबाई, सज्जन सिंह, मोती राम सोरी, परमेश्वर सोरी, टिकचंद ओटी, बलीराम व ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सांसद और विधायक को इस अमाड़ ग्राम में आने का निमंत्रण देकर थक चुके है, अब तक सांसद विधायक और बड़े अधिकारियों के नहीं आने से यहां विकास कार्य जिस गति से होना चाहिए नहीं हो पा रहा है।

## सोशल मीडिया पर आदिवासी समाज पर टिप्पणी, शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

आदिवासी समाज के जातरा कार्यक्रम के विडियो पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया में जाति सूचक गाली गलौज करने से मैनपुर क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। रविवार को आदिवासी समाज भवन मैनपुर में क्षेत्र के वरिष्ठजनों का एक बैठक सामाजिक भवन में आयोजित किया गया इसके पश्चात थाना मैनपुर पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है, अखिल भारतीय अमात गोंड समाज भाठीगढ राज के अध्यक्ष गुजरात कमलेश, आदिवासी वरिष्ठ नेता खेदु नेगी ने बताया की आदिवासी समाज का पारंपरिक कार्यक्रम जातरा का एक वीडियो सोशल मीडिया में डाला गया था जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा जाति सूचक गाली गलौज कर गलत टिप्पणी किया गया है जिससे आदिवासी समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। ऐसे गलत टिप्पणी करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग किया गया है एवं लिखित में शिकायत पत्र दिया गया है। इस मौके पर अमात गोंड समाज के अध्यक्ष गुजरात कमलेश, वरिष्ठ आदिवासी नेता खेदू नेगी, पूर्व जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, सोहन नागेश, जिडार के सरपंच मुकेश कपील, मैनपुर कला के सरपंच गज्जू नेगी, सुभाष मरकाम, धनसिग नेगी, परेश्वर नेगी, सुखराम नागेश, सियाराम ठाकुर, गौकरण सिंह, महेंद्र फरस और बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।



## बेलर, छुईहा, चैतरा देवगांव में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

क्षेत्र के बेलर, छुईहा, जमाही, देवगांव, चैतरा गांव तक हनुमान के मंदिर में अखंड रामायण पाठ, सीताराम नाम संकीर्तन, हनुमान चालीसा की ध्वनि से पूरा वातावरण भक्ति में रहा। वहीं छुईहा, बेलर में उत्तरकांड चौपाई से यज्ञ हवन में आहूति दी गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को खीर पुड़ी की प्रसाद वितरण किया गया। वहीं छुईहा में आम भोजन भंडारा रखा गया था। इससे पहले श्रद्धालु हनुमान मंदिर पर हवन पूजन करते दिखे। गांव तक के छोटे बड़े मंदिरों को फूल मालाओं से बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कहीं अखंड रामायण पाठ तो कहीं सुंदरकांड का पाठ हनुमान चालीसा हो रहा था। मंदिर में श्रीफल चढ़ाने के लिए भक्तों की लंबी लाइन लगी थी। शनिवार को हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ क्षेत्र के सभी गांवों में मनाई।

## भाजपा के गांव चलो-घर चलो अभियान में शामिल हुए पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार रविवार को भाजपा मंडल गोहरापदर के शक्ति केंद्र भेजीपदर के ग्राम कांडेकेला में गांव चलो घर चलो अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया सबसे पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन गोवर्धन मांझी ने भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। भाजपा गरियाबंद जिला महामंत्री पुनीत राम सिन्हा, भाजपा गरियाबंद भाजपा के वरिष्ठ नेता जनसंघी सुफेद राम साहू एवं मंडल अध्यक्ष भोजराज सिन्हा ने केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न योजना के बारे में आम लोगों को विस्तार से समझाया और हर योजना का लाभ हर घर में पहुंचे और सभी को हर योजना का जानकारी हो के बारे में बताया भारतीय जनता पार्टी के रीति-निती से प्रभावित होकर ग्राम कांडेकेला निवासी हाल ही शासकीय कर्मचारी से सेवानिवृत्त शिक्षक चुल्लू राम साहू सहित पुस्तम ध्रुव, भूवेंद्र कोमर्रा को पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी द्वारा माला पहनकर भाजपा प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन लंबोदर साहू द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में शेखर साहू, दिलेंद्री मांझी, सरपंच मिश्रत राम साहू, राजेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा गोहरापदर रामानंद साहू, घनश्याम साहू, किलर साहू, धनुराम, राजीवो मूलचंद, ममता साहू, खूबेंद्र साहू, राजेंद्र पटेल, घासीराम पटेल, नीलांबर सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कई ग्रामीण जन उपस्थित रहे कार्यक्रम का आभार पुलस्त राम साहू ने किया।



## विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल ने स्व. नितुल को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंगदल ने स्व नितुल देवांगन को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बजरंग दल के सुमित सोनी, मुकेश निषाद, लल्ला महाराज, खुशवंत, राघव, मेहुल, कृष्णा, राहुल, कान्हा, दीपक, राजा, निखिल, मनु, गौरव, ओसो, चन्दन, सागर, धीरज, दादु, नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, संजय साहू, धीरज साहू, गुलाब राव, मुकुंद मेश्राम, टिंकू सोनी, सौरभ जैन, कुणाल मिश्रा, देवेन्द्र सेन, ललित साहू, राजू, गोविंदा कंसारी मौजूद थे। मालूम हो कि तैयारी के दौरान नितुल का दुखद निधन हो गया था जिसके कारण शोभायात्रा स्थगित किया गया और श्री हनुमान जन्मोत्सव के दिन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें स्व नितुल को श्रद्धासुमन अर्पित कर मृतात्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि स्वरूप प्रसादी वितरण किया गया।

## गृहग्राम टेका में हुआ चंदूलाल का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम





गृहग्राम टेका में आयोजित त्रि दिवसीय मानस यज्ञ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदुलाल साहू का भव्य स्वागत हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी-नेहरू साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में सभापति जनपद पंचायत नीतू-चित्रसेन साहू, सरपंच गंगाप्रसाद भारद्वाज, उपसरपंच बुधारु साहू, दुर्गा सिंह ठाकुर अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, होरीलाल साहू, शिवप्रसाद साहू, भूषण साहू, एचएल साहू, जालम साहू, डॉ. दिलीप साहू, शोभाराम साहू, रामकुमार साहू, संतोष साहू मौजूद थे। मालूम हो कि छग गृह भण्डार निगम के अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अपने गृहग्राम जन्मभूमि में पधारे चंदूलाल साहू का ग्रामवासियों ने गाजे-बाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर चंदूलाल साहू ने कहा कि अपने गृहग्राम टेका में सबसे पहले पंच पद से राजनीतिक सफर की शुरूवात किया फिर विधायक बना तथा दो बार सांसद और फिर अध्यक्ष पद की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। कहा कि ये मेरे जन्मभूमि टेका, मेरे माता पिता के संस्कार और आप सभी के आशीर्वाद से संभव हुआ है। मुझे जो दायित्व मिला है उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करूंगा। उन्होने हनुमान जी के प्राकटयोत्सव अवसर पर राजिम विधानसभा सहित पूरे छत्तीसगढ़ के सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया।

परसदा में त्रिदिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का हुआ समापन

## नशा एक सामाजिक बुराई : विधायक इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम परसदा में श्री रामकृष्ण मानस मंडली, ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू थे। अध्यक्षता अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रकला ध्रुव,अन्नु तारक सदस्य जिला पंचायत सदस्य रायपुर,चित्ररेखा तारक जनपद सदस्य अभनपुर, रमेश वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत परसदा एवं तारिणी साहू उपसरपंच थी।

इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। आज युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आकर अच्छे बुरे का पहचान खो चुके हैं इससे घर परिवार तो बर्बाद होता ही है साथ ही समाज में नकारात्मक प्रभाव पड़ता है ऐसे समय में भगवान श्रीराम तथा रामायण के पात्रों के चरित्र से हमें सीखने की बहुत जरूरत है। अध्यक्षता कर रहे अपेक्ष बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि भगवान श्रीरामचंद्र जी की जन्म भूमि अयोध्या में भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से देश में सनातन धर्म के प्रति लोगों की आस्था पहले से बढ़ी है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल वादा नहीं बल्कि एक प्रतिज्ञा थी जो पूरी हुई। सरपंच रमेश वर्मा ने अपने गांव के विभिन्न समस्याओं के संदर्भ में विधायक श्री साहू को अवगत कराते हुए मांग पत्र किदया। कहा कि वर्तमान समय में श्रीराम चरित्र मानस जैसे भक्तिमय आयोजनों की महती आवश्यकता है. अतः भगवान श्रीरामचंद्र जी के बताए हुए मार्ग का हम सभी को अनुशरण करना चाहिए। ब्रह्मानंद साहू जनपद सदस्य ने कहा कि जीवन में संस्कार का बहुत महत्व है।



### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम को सफल आयोजक समिति के अध्यक्ष आसाराम साहू, रमेश वर्मा,यशवंत वर्मा, दीपक तारक, भूषण वर्मा,पूरनलाल साहू, हेमंत साहू,सुखेन साहू, संत राम बारले, टीकू यादव, कृष्णा वर्मा, महेंद्र वर्मा,जगदीश साहू, गोपाल साहूमणी राम साहू, तिलक राम साहू, ललित साहू, रामकुमार हिरवानी,विनोद सेन, रामखिलावन साहू, रामजी खिलवारे,धरमचंद महिलांग,भारत साहू, पप्पू साहू,राजेश साहू, भुनेश्वर साहू, लोमश साहू,संतोष साहू, तीरथ साहू पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

